कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
(शासकीय स्वशासी संस्था)
महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर
कार्यालय दूरभाष नंबर :– 0731–2527383, ईमेल :–dean-mgmmc@mp.gov.in

क्रमांक / 8362 / जूडा / छात्र / हडताल / 2021 इन्दौर दिनांक 1/6/20

प्रति,
संलग्न सूची अनुसार
स्नातकोत्तर छात्र
एम जी एम मेडिकल कॉलेज
इंदौर

नोटिस

विषय दिनांक 01.06.2021 को अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति के संबंध में सूचना।

विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई सूची अनुसार आप आज दिनांक 01.06.2021 को अपने कर्तव्यस्थल से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित थे। मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र कमांक 189 दिनांक 31.3.2021 के अंतर्गत प्रदेश में एस्मा (ESMA) एक्ट लागू किया हुआ है। आपकी सेवा अत्यावश्यक सेवा के अंतर्गत आती है जिससे आप एस्मा के अंतर्गत आप अपनी सेवायें देने से इन्कार नहीं कर सकते, आपकी यह हडताल एस्मा एक्ट का उल्लंघन है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि तत्काल अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होवें। यदि आप अपने कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं होते है तो आपके विरुद्व उक्त धाराओं के अधीन अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी जिसमें मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल को आपका पंजीयन निरस्त करने हेतु पत्र लिखा जाने के साथ ही मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर से नामांकन निरस्त करने एवं महाविद्यालय से निलंबन की कार्यवाही सम्मिलित है।

संलग्न :
विभाग से अनुपस्थित छात्रों की सूची

1/6/2021

(डॉ संजय दीक्षित)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,इन्दौर